**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरणट्रांसपोर्ट नगर,**

**सहारनपुर रोड देहरादून**

पंत्राक 695/विकास कार्य/नि0सू0/2021–22 दिनांक 2/12..2021

**अल्पकानीन ई–निविदा सूचना**

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में वित्तीय वर्ष 2021–22 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारो/ फर्मो जो आयकर, व्यापार कर/जी0एस0टी0 देहरादून में भी पंजीकृत हो ऐसे फर्म/ठेकेदार अपनी श्रेणी के अनुसार नीचे वर्णित कुल 02 विकास कार्यो को करने हेतु निविदा फार्म/ बिल ऑफ क्वान्टिटी के साथ संलग्नक में अंकित विशिष्टियों हेतु मुहरबन्द ई–निविदा दिनांक 16.12.2021 को अपरान्ह 2.00 बजे तक **uktenders.gov.in** की बैबसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते है। विस्तृत विवरण प्राधिकरण की बैबसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है। यदि उक्त निविदाओं के संबंध में किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है, तो उसकी सूचना उक्त बैंबसाईट के माध्यम से दी जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता, म0दे0वि0प्राधिकरण देहरादून।**

**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरणट्रांसपोर्ट नगर, सहारनपुर रोड देहरादून**

पंत्राक 595 /विकास कार्य/नि0सू0/2021–22 दिनांक 2/12/2021

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में वित्तीय वर्ष 2021–22 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारो/ फर्मो जो आयकर, व्यापार कर/जी0एस0टी0 देहरादून में भी पंजीकृत हो ऐसे फर्म/ठेकेदार अपनी श्रेणी के अनुसार नीचे वर्णित कुल 02 विकास कार्यो को करने हेतु निविदा फार्म/ बिल ऑफ क्वान्टिटी के साथ संलग्नक में अंकित विशिष्टियों हेतु मुहरबन्द ई–निविदा दिनांक 16.12.2021 को अपरान्ह 2.00 बजे तक **uktenders.gov.in** की बैबसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते है। प्राप्त ई निविदाओं को निविदा समिति /अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 17.12.2021 को अपरान्ह 2.00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं / प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा । आगणन में अकिंत विशिष्टियों की मात्रा पूर्णत अनुमानित है इसमें परिवर्तन (घटत/बढत ) सम्भावित है परन्तु भुगतान वास्तविक कार्य के माप/आंकलन के आधार पर किया जायेगा ।

इच्छुक प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म द्वारा उक्त कार्यो हेतु अलग–अलग निविदा मूल्य रू0 1180/– (जी0एस0टी0 सहित) की धनराशि का पे–आर्डर जो सचिव, एम0डी0डी0ए0 के पक्ष में हो, एवं निर्धारित राशि की धरोहर राशि जो एफ0डी0आर0/ सी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में होगी, तथा अधीक्षण अभियन्ता,म0दे0वि0प्रा0 के नाम बन्धक होगी, को उक्त बैबसाईट में उक्त तिथि व समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्कैन करना होगा तथा मूल प्रति उक्त तिथि दिनांक 16.12.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राधिकरण के सम्बन्धित अनुभाग में रखें निविदा बाक्स में अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफों में जॉब नम्बर एवं कार्य का नाम तथा जी0एस0टी0 नम्बर अंकित करते हुए डालना होगा। निर्धारित समय तक धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 व निविदा मूल्य का ड्राफ्ट निविदा बाक्स में जमा न करने की दशा में उस फर्म की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट दिनांक 16.12.2021 की तिथि के बाद का होना आवश्यक है तथा ओवर राईटिंग किया हुआ बैंक ड्राफ्ट मान्य नहीं होगा। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र, जी0 पी0 डब्लू0–9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफोरमेन्स सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी शासनादेश संख्या शासनादेश संख्या 1197/II (2)/07–75(सामान्य)/II दिनांक 24–2–2014 एवं अन्य के अनुसार होगी । जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी। समस्त निविदाओं की बैधता 90 दिन मान्य रहेगी।

| क्र0सं0 | विवरण | लागत (रू0 लाख में) | धरोहर राशि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | चामासारी मसूरी में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। | 14.03 | 42,100/– | 03 |
| 02 | चिडोंवाली कैन्ट रोड स्थित वॉर मैमोरियल में विधुत प्रकाशीकरण सम्बन्धित कार्य | 18.28 | 54,900/– | 02 |

अधीक्षण अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून ।

क्रमश–(2)

## कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, ट्रान्सपोर्ट नगर, देहरादून ।
## कार्य का नाम–वॉर मैमोरियल, चिडोंवाली, कैन्ट रोड़ में विद्युत प्रकाशीकरण सम्बन्धित कार्य

1. निविदादाता को उत्तराखण्ड में विद्युत सुरक्षा विभाग में विद्युत कार्यों हेतु 'ए' श्रेणी में (चीफ इलैक्ट्रीकल इंस्पैक्टर के लाईसेन्स) पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदादाता को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण में विद्युत कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 में पंजीकृत/नवीनीकृत होना आवश्यक है।
3. निविदादाता को जी0एस0टी0, आई0टी0, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 के अन्तर्गत पंजिकृत होने का पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
4. निविदादाता को सत्त गत 03 वर्षों 2017–18, 2018–19, तथा 2019–20 की आई0टी0आर0 जो सी0ए0 द्वारा निर्गत हो प्रस्तुत करना होगा।
5. निविदा फार्म का मूल्य 1180/– (जी0एस0टी0 सहित) की निर्धारित राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो सचिव मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के पक्ष में देय हो, प्रस्तुत करना होगा।
6. निविदा के साथ धरोहर राशि को एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 में जो अधीक्षण अभियन्ता मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के पक्ष में हो, प्रस्तुत करनी होगी ।
7. निविदा दर की वैधता न्यूनतम 90 दिन के लिये मान्य होगी ।
8. निविदादाता/फर्म को विद्युत कार्य का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण पत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
9. निविदादाता को दरें सभी करों आदि सहित प्रस्तुत करनी होगी।
10. उक्त कार्य मे लगाये गये कर्मचारियों/इलैक्ट्रीशियनों आदि की सुरक्षा आदि से सम्बन्धित दायित्व ठेकेदार/फर्म का होगा।
11. निर्धारित शर्तों का पालन न करने तथा किसी सूचना के छिपायें जाने की दशा में किसी भी समय निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
12. निविदादाता/फर्म को रूपये 100/– के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि किसी भी सरकारी विभाग/अर्द्ध सरकारी अथवा अन्य किसी संस्था द्वारा फर्म को काली सूची में दर्ज नही किया गया है।
13. निविदा के साथ अपना नाम, पता, व्यापार करने का स्थान; टेलीफोन नं0, ई–मेल पता, आदि प्रस्तुत करना होगा।
14. वेबसाईट पर अपलोड की गई निविदा ही मान्य होगी। हार्डकॉपी में प्रस्तुत निविदा स्वीकार्य नही की जायेगी। डी0डी0 व एफ0डी0आर0 आदि निविदा तिथि को पृथक 02 लिफाफें में बंद कर निर्धारित समय में कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी।
15. यदि भविष्य में इस कार्य हेतु कोई मतभेद अथवा किसी प्रकार का विवाद होता है तो दोनों पक्ष उक्त विवाद को आपसी समझौते एवं वार्ता से सुलझायेगें। यदि आपसी वार्ता से मतभेद नही सुलझते है तो इस प्रकरण निस्तारण हेतु उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून आरबीट्रेटर नियुक्त होगें। आरबीटेशन की प्रक्रिया देहरादून में ही सम्पन्न होगी ।

Saurabh
JE(PMU)

(AE)

EE.

(S.E.)